देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 16.01.2026
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – स्टार्टअप इंडिया ने देश में एक नई संस्कृति को जन्म दिया है।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि प्रदेश सरकार आपदाओं से निपटने के लिए आधुनिक तकनीकों और वैज्ञानिक उपायों को अपनाने पर विशेष जोर दे रही है।
- जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार कार्यक्रम के तहत पिथौरागढ़ जिले के सातशिलिंग में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या हुईं शामिल।
- बागेश्वर में उत्तरायणी मेले में सजा जड़ी–बूटियों का बाजार। बड़ी संख्या में लोग कर रहे खरीददारी।

....

प्रधानमंत्री / स्टार्ट अप

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि केवल 10 वर्षों में ही स्टार्टअप इंडिया मिशन ने क्रांति का रूप ले लिया है और पूरे देश में इस संबंध में एक नई संस्कृति का उदय हुआ है। राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के अवसर पर स्टार्टअप इंडिया के एक दशक पूरे होने के उपलक्ष्य में आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने यह बात कही। श्री मोदी ने कहा कि पहले केवल अमीर घरानों के बच्चे ही स्टार्टअप्स शुरू करते थे, लेकिन स्टार्टअप इंडिया कार्यक्रम ने इस सोच को बदल दिया है।

आपदा कार्यशाला

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि प्रदेश सरकार आपदाओं से निपटने के लिए आधुनिक तकनीकों और वैज्ञानिक उपायों को अपनाने पर विशेष जोर दे रही है। मुख्यमंत्री आज भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान– आईआईटी, रुड़की में आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं सहनशीलता पर आयोजित कार्यशाला को वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की भौगोलिक स्थिति के कारण प्राकृतिक आपदाओं का दुष्प्रभाव वैज्ञानिक दृष्टिकोण, समयबद्ध तैयारी और सामूहिक प्रयासों से कम किया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कार्यशाला से प्राप्त सुझाव, उत्तराखंड सहित संपूर्ण हिमालयी क्षेत्रों के लिए उपयोगी सिद्ध होंगे।

मुख्यमंत्री ने आईआईटी रुड़की के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि संस्थान ने भूकंप पूर्व चेतावनी प्रणाली के विकास में अग्रणी भूमिका निभाई है।

पैरालंपिक पावरलिफ्टिंग

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज रुड़की स्थित एक निजी विश्वविद्यालय में आयोजित नेशनल पैरालंपिक पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप का वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के दिव्यांग भाई–बहन, आज प्रत्येक क्षेत्र में देश का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने दिव्यांग खिलाड़ियों के माता–पिताओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि आप सभी ने दिव्यांग बच्चों को कभी कमजोर नहीं समझा, बल्कि उन्हें अपनी ताकत बनाया। आज ये बच्चे पूरे देश के लिए प्रेरणा बन चुके हैं। इससे अन्य लोगों को भी प्रेरणा लेनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड सरकार ऐसे हर प्रयास में दिव्यांग खिलाड़ियों के साथ खड़ी है।

जन–जन की सरकार

पिथौरागढ़ जिले में मुनाकोट विकासखंड के राजकीय इंटर कॉलेज सात–शिलिंग में आज जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार कार्यक्रम के तहत बहुउद्देशीय शिविर लगाया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉलों के माध्यम से लोगों को सरकार की जन–कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान ग्रामीणों ने पेयजल, सड़क, बिजली, सिंचाई आदि से संबंधित 75 समस्याएं दर्ज कराईं, जिनमें से अधिकांश का निस्तारण मौके पर ही किया गया। शिविर में उपस्थित कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने शेष समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से दूरस्थ क्षेत्रों के ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान न्याय पंचायत स्तर पर ही हो रहा है।

वहीं, स्थानीय निवासी बसंत पुनेठा ने कहा कि जो लोग अपनी समस्याओं के लिए सरकारी विभागों तक नहीं जा पा रहे हैं, आज गांव में ही उनकी समस्याओं का समाधान हो रहा है।

उत्तरायणी मेला

बागेश्वर में चल रहे उत्तरायणी मेले में जड़ी बूटी के उत्पादों की जमकर खरीददारी हो रही है। मेले में धारचूला, दारमा, जोहार, व्यास, चौंदास और बागेश्वर के दानपुर से आए जड़ी बूटी के व्यापारियों के सामानों की काफी मांग है। ये जड़ी–बूटियां रोजमर्रा के उपयोग के साथ ही बीमारियों में दवा का भी काम करती हैं। दारमा के बोन गांव के किशन सिंह बोनाल ने बताया कि वे कई वर्षों से इस मेले में अपने उत्पाद बेचने के लिए आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के मेलों से स्थानीय लोगों को रोजगार मिलता है और हिमालयी जड़ी–बूटियों को पहचान भी मिलती है।

राज्यपाल

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने आज लोक भवन देहरादून में गोल्फ क्लब, नैनीताल की कार्यकारिणी की बैठक ली। उन्होंने सोसाइटी पंजीकरण के अनुरूप राजभवन गोल्फ क्लब का नाम बदलकर लोक भवन गोल्फ क्लब किए जाने की अनुमति प्रदान की। साथ ही नाम परिवर्तन की औपचारिक कार्यवाही शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में गोल्फ कोर्स के रख–रखाव, सुविधाओं के उन्नयन तथा इसे और अधिक बेहतर

बनाने के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। राज्यपाल ने मई माह के अंतिम सप्ताह में प्रस्तावित गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट के आयोजन को लेकर भी समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने लोक भवन गोल्फ क्लब को समावेशी खेल संस्कृति का आदर्श केंद्र बनाने के लिए भी निर्देशित किया, जिससे समाज के सभी वर्ग लाभान्वित हो सकें।

स्वच्छता अभियान

हरिद्वार जिले को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए सफाई अभियान लगातार जारी है। इस कड़ी में जिले में 16 जनवरी तक स्वच्छता महा अभियान पखवाड़ा चलाया जा रहा है। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने इसके लिए आज रोस्टर जारी कर विभिन्न विभागीय अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। इसके तहत संबंधित अधिकारी अपने–अपने कार्यालयों, परिसरों और क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाएंगे।